श्याम तू मेरा श्याम मैं तेरा लाडला

तेरे साये में मैं पला तूने टाली मेरी हर भला,
श्याम तू मेरा श्याम मैं तेरा लाडला,

बन के मेरे साया तूफ़ान से तू लड़ा,
मैंने जब पुकारा था साथ तू मेरे खड़े
मेरे लिए जो भी किया वो बहुत किया,
कैसे करुगा मैं अदा तेरा शुकरियाँ तूने चाहा हर दम ही है मेरा भला,
श्याम तू मेरा श्याम मैं तेरा लाडला,

जपते जपते नाम तेरा मैं गया जहां साथ साथ मेरे तू भी गया वाहा,
तेरे सिवा कोई नहीं श्याम है मेरा सेवा तेरी तेरा भजन काम है मेरा,
तूने जैसा ढाला मैं वैसा ही ढला,
श्याम तू मेरा श्याम मैं तेरा लाडला,

तूने प्रेम करना सिखला दिया मुझे,
रास्ता खाटू धाम का दिखला दिया मुझे,
प्रेमी तेरे मिल गए दरबार में,
मोहित कुमार दिल मेरा तेरे प्यार में,
तूने जो दिखाई राह मैं वो चला,
श्याम तू मेरा श्याम मैं तेरा लाडला,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16143/title/shyam-tu-mera-shyam-main-tera-ladala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |